सेक्रेट बैलेट चुनाव 2013 के बाद ईसीआरकेयू के साथ मंडल स्तर पर दिनांक 20.12.2023 को सम्पन्न अडतीसवीं (38वीं) स्थाई वार्ता तंत्र (पी0एन0एम0) की बैठक का कार्यवृत

प्रशासन पक्ष			संघ पक्ष		
(सर्व श्री)			(सर्व श्री)		
1.	विवेक भूषण सूद	मरेप्र0	1.	शिव प्रसाद यादव	मंडल अध्यक्ष
2.	एम0एम0 प्रसाद	अमरेप्र-II	2.	प्रियदर्शी राजीव	उपाध्यक्ष
3.	योगेश कुमार	अमरेप्र-I	3.	डी0के0झा	उपाध्यक्ष
4.	दीपक राज राय	मकाधि (प्रभारी)	4.	एस0सी0त्रिवेदी	मंडल मंत्री
5.	डा0 तनवीरूद्दीन	मुचिधि (प्रभारी)	5.	बब्लु कुमार	संयुक्त मंत्री
6.	इंद्रेश कुमार	वमइं (समन्वय)	6.	आफताब आलम	संगठन मंत्री
7.	रितेश कुमार गुप्ता	वमसिदूइं	7.	मंजीत मोहन	कोषाध्यक्ष
8.	मनीष सौरभ	वमपचाप्र	8.	धर्मेन्द्र कुमार	शाखा मंत्री/थानाबिहपुर
9.	पुष्कर कुमार	वमयाइं	9.	आशुतोष कुमार सिंह	शाखा मंत्री/मुज0
10.	अमित कुमार सिंह	वमंविप्र	10.	शैलेन्द्र कुमार सिंह	शाखा मंत्री/ओडी/सोनपुर
11.	अभिषेक कुमार	वमविइं(टीआरडी)	11.	रामसुभग सिंह	शाखा मंत्री/मुज0-2
12.	कुमार परमानंद	वमसाप्र	12.	विकाश चन्द्र पाल	शाखा मंत्री/बरौनी ओडी
13.	पवन नाग	वमविइं(टीआरओ)	13.	मनोज कुमार गोस्वामी	शाखा मंत्री/गढ़हरा
14.	आदर्श कुमार	डीएमई/टीएस	14.	धीरेन्द्रमणि तिवारी	शाखा मंत्री/बरौनी
15.	ओम प्रकाश	मविप्र	15.	जीवानंद मिश्रा	शाखा मंत्री/गढ़हरा
16.	जय प्रकाश	समविइं(सामान्य)	16.	त्रिभुवन पासवान	शाखा मंत्री हाजीपुर
17.	अभिषेक कुमार	सकाधि-1	17.	शशि शंकर सिंह	अध्यक्ष/हाजीपुर
18.	अजय कुमार	ससुआ	18.	मृत्युंजय सिंह	सं0शाखा मंत्री/मुज0
			19.	रेवती कुमारी	शाखा मंत्री/हाजीपुर

परिचर्चा बिन्दु:

मकाधि (प्रभारी) का संबोधन: स्थाई वार्ता तंत्र की 38 वीं एवं इस वर्ष की छठवीं एवं अंतिम बैठक का शुभारंभ करते हुए इस वार्ता तंत्र के सचिव-सह-मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) ने बैठक के अध्यक्ष, प्रशासन तथा यूनियन, दोनो पक्षों के प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। हमलोग ने इस कैलेण्डर वर्ष में सभी 6 पीएनएम और और चारों प्रेम की बैठकें संपन्न किया। इसके लिए यूनियन के द्वारा प्रदत्त सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मकाधि (प्रभारी) ने कहा कि इसीआरकेयू की हाल में त्रैवार्षिक आम सभा की बैठक में संगठनात्मक चुनाव हुए हैं, हैं, जिसमें लगभग पुराने पदाधिकारी ही पुन: चुने गए हैं, नईटीम को प्रशासन के तरफ से बधाई देता हूं। साथ ही, यह काफी हर्ष का विषय है कि कि श्री एस0सी0त्रिवेदी और श्री बबलू कुमार यादव को मुख्यालय पीएनएम में सोनपुर मंडल के प्रतिनिधि के तौर पर चुना गया है, जिससे सोनपुर मंडल की समस्यायें, जो मुख्यालय स्तर से संपादित होनी होती हैं, उसमें तेजी आएगी। जैसा कि विदित हो कि इस वर्ष यूनियन एवं एशो0 के साथ होने वाली सभी बैठकें संपादित करने हेतु जनवरी माह में एक कैलेण्डर निर्गत किया गया और उसी के अनुसार अनुसार सभी बैठकों का संपादन हुआ। इसी तर्ज पर कार्मिक विभाग के द्वारा मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन में अगले वर्ष के जनवरी माह में भी बैठकों हेतु कैलेण्डर जारी किया जाएगा, जिससे सभी बैठकें ससमय संपन्न हो सकेंगी। इसी के साथ परिचर्चा बिन्दु पर औद्योगिक संबंध पूर्व की भांति सार्थक और कारगर होने की उम्मीद जताई। साथ ही, श्री शिव प्रसाद जी से परिचर्चा बिन्दु पर अपने विचार व्यक्त करने हेतु आग्रह किया। किया।

श्री शिव प्रसाद प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष, ईसीआरकेयू का संबोधन: बैठक में प्रशासन पक्ष के सभी अधिकारी तथा यूनियन पक्ष के सभी आगन्तुक क प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुझे यह बताते हुए काफी हर्ष हो रहा है कि हमारे मंडल मंत्री श्री त्रिवेदी जी न सिर्फ मुख्यालय में में अपना प्रतिनिधित्व देंगे बल्कि इन्हें ए0आई0आर0एफ0 के कार्यकारिणी का सदस्य भी बनाया गया है, जिससे सोनपुर मंडल की बात अब मुख्यालय के साथ-साथ रेलवे बोर्ड तक भी पहुंच सकेगी। इसी के साथ पिछले पीएनएम के बाद मरेप्र महोदय द्वारा मंडल में भ्रमण और उनके द्वारा लिए गए पहल से सारी समस्याओं का समाधान किया जा सका है और बहुत सोर कार्यों में प्रगति हुई है। मैं खासकर मकाधि (प्रभारी) महोदय की प्रशंसा करना चाहूंगा कि उनके द्वारा किए गए कार्य काफी सराहनीय रहें। इन्होंने कार्य संपादित कराने का एक सिस्टम डेवलप किया, जिससे कर्मचारियों को उनको मिलने वाला लाभ यथा:पदोन्नति, वित्तीय उन्नयन, आदि समय से मिल रहा है। इनके आने आने के बाद कार्मिक विभाग के सारे काम अपने तय समय में संपादित हो रहे हैं। इसके लिए मैं मकाधि (प्रभारी) एवं कार्मिक विभाग के प्रति आभार प्रकट करता हूं। अभी हाल के दिनों में हमलोग थानाबिहपुर में बैठक किए। जिसमें सेमापुर से खगड़िया खंड के सारे कर्मचारी सम्मिलत हुए। कर्मचारियों द्वारा अपनी-अपनी छोटी-छोटी समस्याओं से अवगत कराया गया। अतएव, मरेप्र महोदय से मैं यूनियन के तरफ से अनुरोध करना चाहुंगा कि वे इन क्षेत्रों का भ्रमण करें और कर्मचारियों से रूबरू हो। इससे वे कर्मचारियोंय से अवगत होंगे और इसका समाधान हो सकेगा। सकेगा। कार्मिक विभाग के द्वारा एक अच्छे कार्य का उदाहरण मैं इस सभा में प्रस्तुत करना चाहूंगा। बरौनी के एक कर्मचारी के बेटी की शादी

14.12.2023 को तय थी और कर्मचारी के द्वारा पीएफ से धनराशि निकासी हेतु आवेदन दिया गया था परंतु नोमनी फार्म में कुछ त्रुटि के कारण उनके पीएफ से धनराशि की निकासी नहीं हो पा रहा था। परंतु कार्मिक विभाग द्वारा इसकी सूचना देने के उपरांत मात्र चार घंटे में कर्मचारी के सभी गड़बड़ी को दूर करते हुए पीएफ पास कराते हुए कर्मचारी के खाते में पैसा चला गया/ इस प्रकार की संवेदनशीलता के कार्य करने हेतु मैं यूनियन के तरफ से कार्मिक विभाग को साधुवाद देता हूं। इसी के साथ इंट्रोडक्टरी के माध्यम से कुछ मुद्दे प्रशासन के समक्ष उजागर किये गये, जो निम्नरूपेण हैं:

- अभी हाल के दिनों में थानाबिहपुर में मेजर चार्जशीट काफी दिया जा रहा है। केवल चार्जशीट देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। कर्मचारियों से कर उनकी समस्या से रूबरू होकर ही गुणवत्ता रूपेण कार्य कराया जा सकता है।
- पिछले पीएनएम में बरौनी एवं गढहरा में जंगल कटाई का मुद्दा उठाया गया था। बरौनी में तो कार्य चल रहा है परंतु गढहरा में अभी तक जंगल कटाई का कार्य शुरू नहीं हुआ है।
- बरौनी, मानसी, खगड़िया, आदि हेल्थ यूनिट में चिकित्सकों की भर्ती हेतु प्रक्रिया को तीव्र गति से शुरू करते हुए संपादित किया जाए। किया जाए। चिकित्सकों की बहाली के समय इस बात का ख्याल रखा जाए कि चिकित्सक वहीं आसपास के हों, ताकि वे अच्छे ठंग से कार्य कार्य संपादित करें। पूर्व के अनुभवों से यह बात सामने आती रही है कि दूरदराज के रहने वाले चिकित्सकों की पदस्थापना होने से वे ज्यादा दिन तक वहां पर नहीं रहते और पुन: वैकेन्सी उत्पन्न हो जाती है।
- लोकल अस्पताल से टाईअप- करने की प्रक्रिया में काफी विलंब हो रहा है, इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए।
- गढहरा में एक्सरे टेकनीशियन नहीं है, पैथॉलोजी का टेस्ट नहीं हो रहा है। वहां पर अविलंब इसकी सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
- न्यू बरौनी से बरौनी जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। यात्री और कर्मचारी हित के मद्देनजर इसको ठीक कराया जाए।
- स्टोर्स डिपो गढ़हरा से इलेक्ट्रिक शेड के बीच के रोड की स्थिति काफी जर्जर है। इसको ठीक कराया जाए।
- गढहरा यार्ड में पीने के पानी की काफी समस्या है। वहां पर तत्काल एक आरओ की व्यवस्था की जाए।
- गढहरा में टैंक एवं शौचालय बन गया है परंतु पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण उसका उपयोग नहीं हो रहा है। कृपया अविलंब पानी की सप्लाई हेतु व्यवस्था की जाए।
- मानसी में लोको पायलट को पिक एंड चूज पर कार्य हेतु भेजा जा रहा है। इसीलिए, वहां पर लोको पायलट की पदस्थापना हेतु नीति बनाई जाए और उसी के अनुसार वहां पर क्रू की पदस्थापना की जाए।
- गढहरा में केबलिंग के अधूरे कार्य को पूर्ण करते हुए उसमें कनेक्शन चालू करने की व्यवस्था की जाए।
- बरौनी रनिंग रूम में सलोपा एवं वरीय सलोपा का रिफ्रेशर कराये जाने हेतु कनीय कर्मचारी को भेज दिया जाता है। रिफ्रेशर कोर्स कराये जा ने हेतु वरिष्ठ सीएलआई को भेजा जाना चाहिए।
- पसराहा के बगल में एक परिचालन का गेट है जहां पर एक कर्मचारी तैनात है। वहां पर 6 आदमी के स्थान पर 4 आदमी कार्यरत हैं, जिसके कारण उस कर्मचारी को रेस्ट नहीं मिल रहा है।

श्री एस0सी0त्रिवेदी, मंडल मंत्री, ईसीआरकेयू का संबोधन: बैठक में प्रशासन पक्ष के सभी अधिकारी तथा यूनियन पक्ष के सभी आगंतुक प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि जिस प्रकार इस वर्ष सौहार्दपूर्ण वातावरण में कर्मचारियों की समस्याओं का निपटारा होते होते रहा है और हमलोग जिस तरह से कर्मचारी हित में अच्छे कार्य करते आए हैं, वैसे ही आगे करते रहेंगे। कर्मचारी हित में जो कदम उठाए जाते हैं उससे कार्य करने का जो माहौल बना है, इससे कई तरह की समस्यायें स्वत: समाप्त हो जाती हैं। कर्मचारी हित में मरेप्र महोदय का जिस प्रकार का सहयोग मिल रहा है, वह वास्तव में काफी प्रशंसनीय है। काफी दिनों के बाद सोनपुर मंडल में ऐसे मंडल रेल प्रबंधक महोदय का आगमन हुआ है, जो कर्मचारियों से सीधे संवाद करने में विश्वास रखते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सार्थक प्रयास ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रूप से समस्या के निवारण में विश्वास रखते हुए योजना बनाते हैं। मंडल रेल प्रबंधक महोदय के लगातार भ्रमण से कर्मचारी एवं यूनियन दोनों को लाभ मिल रहा है। मरेप्र महोदय के इस कार्य हेतु मैं यूनियन की तरु से उनको धन्यावद ज्ञापित करता हूं। इसी के साथ उन्होने मंडल के जीवंत समस्याओं को प्रशासन के समक्ष निम्नरूपेण कहा:

- कार्य के दौरान गाड़ियों का ब्लॉक लाइन में घुस जा रही हैं। अभी तक एक साल में 5 घटनाएं घटित हुई हैं। इसमें गलती हर पक्ष की है। इस हेतु हम कर्मचारियों को लगातार काउंसल कर रहे हैं। परंतु इस हेतु हमें भी अपनी कार्य प्रक्रिया को दुरूस्त कराना होगा। जब भी ब्लॉक लिया जाए, उस समय ट्रैक को ड्रॉप कर दिया जाना चाहिए। ब्लॉक के समय जी0आर0 मैन्यूअल का पालन करेंगे तो ऐसी घटनायें होंगी ही नहीं। जहां पर ब्लॉक हो, तो वहां पर मॉनिटरिंग हेतु टी0आई0/सिग्नल इंस्पेक्टर/एस0एस0 की तैनाती की जाए। हमलोग अपने कार्यप्रणाली में कुछ इस प्रकार की पहल कर ऐसी घटनाओं में कमी ला सकते हैं।
- हमारे पर्यवेक्षकों के द्वारा रनिंग कर्मचारियों को तरहतरह से हथकंडे अपनाकर परेशान किया जा रहा है। इसी संबंध में एक नई घटना का वृतांत करते हुए कहा कि हमारे मंडल में एक लोको पायलट श्री अमित कुमार-।। के चाचा का देहांत हो गया। कर्मचारी उस वक्त छपरा क्रु-लॉबी में था । वहां पर इस घटना की सूचना मिलने पर वहां के पर्यवेक्षक द्वारा कर्मचारी को रिलीज कर दिया परंतु अपने यहां के सीटीएलसी के द्वारा उन्हें छुट्टी देने से इंकार कर दिया गया । इस प्रकार की असंवेदनशीलता कहीं से ठीक नहीं है। क्योंकि सोनपुर मंडल में यह आदेश निकला है कि ड्राइवरों की छुट्टी का पूरा कंट्रोल सोनपुर सीटीएलसी के द्वारा दिया जाएगा। इस प्रकार सोनपुर के सीटीएलसी के द्वारा अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया जा रहा है। यदि, किसी कर्मचारी के परिवार में किसी का स्वर्गवास हो जाए और हम उसके साथ इतना असंवेदशील तरीके से बर्ताव करेंगे तो इससे कर्मचारियों का मनोबल टूट जाएगा।
- स्वास्थय क्षेत्र में अस्पताल की व्यवस्था चुस्त- दुरूस्त होनी चाहिए। हाल के दिनों में एक अन्य मंडल के कर्मचारी का हार्ट-अटैक होने के कारण वह मंडल अस्पताल में भर्ती हुआ। उसकी स्थिति काफी खराब होने के कारण उसे पटना रेफर कर दिया गया। परंतु पटना ले जाने के लिए मंडल अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं था। जब कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि श्री बबलू कुमार यादव पहुंचे तो पता चला कि एक एम्बुलेंस का रिन्यूवल नहीं हुआ है और एक एम्बुलेंस प्रशासनिक कार्य से पटना गया है। इस दौरान कर्मचारी को उसके हाल पर छोड़ दिया गया और वहां पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा यह कहा गया कि हमने रेफर कर दिया है, इसके आगे हम कुछ नहीं कर सकते हैं। बाद में, मुचिधि महोदय द्वारा उन्हें अपने वाहन से पटना भेजा गया। परंतु यहां देखने की बात यह है कि इस दौरान उस रोगी का गोल्डेन पीरियड खत्म हो रहा था और कर्मचारी के साथ कुछ भी हो सकता था। अतएव, एम्बुलेंस का प्रयोग कभी भी

प्रशासनिक कार्य हेतु नहीं किया जाए तथा जिस एम्बुलेंस का रिन्यूवल ड्यू है उसे अविलंब कराया जाए। ताकि , मंडल अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध रहे।

- आउटडोर में कार्य कर रहे चिकित्सकों को उस दौरान दूसरे कार्य पर नहीं लगाया जाए।
- अस्पताल में भर्ती मरीज का खाना रनिंग रूम से जाता है। परंतु खाना की पैकिंग की व्यवस्था सही ढंग से नहीं है। उसे सही किया जाए।
- मंडल अस्पताल में फिजीयोथेरेपिस्ट की बहाली अविलंब कराई जाए।
- मंडल अस्पताल में दवा वितरण हेतु दो काउंटर खोले जाएं।
- पी0एम0ई0 में आए कर्मचारियों को 09 से 10 दिन का समय लग रहा है, जिससे मैनडेज का भी लॉस हो रहा है। पीएमई पर आए कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर जांच संपूर्ण कराकर उन्हें अविलंब कार्य पर भेजा जाए। यदि इस स्तर पर विलंब हो तो कर्मचारी कर्मचारी के ऑन ड्यूटी ट्रीट किया जाए।
- टीआरडी विभाग में रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों को ड्यूटी कराया जाए। वहां के पर्यवेक्षक श्री बैठा जी पर सामूहिक शिकायत भी दर्ज कराई गई। जिसका परिणाम यह हुआ कि जिन कर्मचारियों द्वारा शिकायत की गई उन्हें ही परेशान किया जा रहा है। वहां के सीसइं द्वारा ठेकेदार का कार्य कर्मचारियों से करवाया जा रहा है। इसकी शिकायत करने पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। हमलोग के द्वारा बार-बार इस बात को पीएनएम स्तर एवं अन्य स्तरों पर भी कह रहें हैं कि कर्मचारियों का शोषण किया जाता रहेगा, तो यूनियन अब वार्ता नहीं करेगी। सीधे लाइन पर बैठेगी और इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। हमारे यूनियन का इतिहास गौरवशाली रहा है। हमलोगा वार्ता से समस्याओं का समाधान का प्रयास करते है, परंतु यदि बार-बार कहने के बावजूद भी इस प्रकार की घटनाएं होंगी तो हम आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।
- मुजफ्फरपुर में जो नया यार्ड का रिमॉडलिंग हुआ है। कर्व नं0 19, 20, 21 एवं 22 में लाईट की व्यवस्था नहीं है। वहां पर पाथवे का निर्माण नहीं होने से शंटिंग पर जा रहे कर्मचारियों को काफी समस्या हो रही है।

मद

क्रमांक	1	सोनपुर मंडल में लोको पायलट शंटर का लगभग 105 पद स्वीकृत है जबकि सिर्फ 05 ही लोको पायलट शंटर उपलब्ध है। शंटिंग का कार्य वरीय सलोपा से लिया जाता है परंतु उनको पदोन्नति नहीं दिया जा रहा है। साथ ही मेमू/डेमू रैक का शंटिंग लोको पायलट शंटर या लोको पायलट से कराने का नियम है परंतु इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। अतः संघ मॉग करती है कि अविलम्ब लोको पायलट शंटर के रिक्त पदों को पदोन्नति देकर भरा जाए एवं नियमानुसार नियमानुसार शंटिंग का कार्य करवाया जाए।		
मद सं0	02/21			
संबद्ध	DPO(IC) ***&*** Sr.DEE (TRO)	**अद्यतन अभियुक्ति**	**पिछली का बैठक का निर्णय**	**निर्णय**
		कार्मिक विभाग- प्रसलोपा लेवल-04 से लोपा शंटर ग्रेड-।। लेवल-लेवल-04 के पदोन्नति के मामले में विभागीय अधिकारी वर्मविइ (टी0आर0ओ0) द्वारा वरीयता सह सुयोग्यता जॉच में शामिल होने वाले सभी 94 कर्मचारियों को पदोन्नति हेतु अनिवार्य पदोन्नति कोर्स उत्तीर्ण नही होने एवं लोपा शंटर ग्रेड-।। में पदोन्नति दिये जाने से सलोपा संवर्ग के कर्मचारियों की संख्या में अत्याधिक कमी होने से ऑपरेशन इमबैलेंस होने तथा सुगम गाड़ी परिचालन में कठिनाई होने के शीर्ष पर पदोन्नति के संबंध में सहमति नही प्रदान की गई है। **विधुत/ओ0पी0 विभाग-** नियमानुसार शंटर की रिक्तियों को भरने हेतु सलोपा को वांछित Training कराया जाता जा रहा है। Training पुरा होने के बाद कार्यवाही की जाएगी।	शंटर की रिक्ति को भरने के प्रावधानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय स्तर पर इसको पूर्ण किया जाये।	समीक्षा की जाए।

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>2</td><td colspan="3" rowspan="2">नारायणपुर अनंत में कोई नाला नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में जल जमाव हो जाता है। वहॉ महीनों तक वैसे ही जल जमाव रहता है जिससे कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः ऐसे नालों का निर्माण किया जाए एवं जल जिसकी निकासी ऐसे जगह किये जाए कि जलजमाव न हो।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>17/21</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>कार्य प्रगति पर है। जिसे दिनांक 31-12-2023 तक पूरा करा लिया लिया जाएगा।</td><td>दिनांक 30-11-2023 तक पूरा करा लिया जाएगा।</td><td>दिनांक 15 जनवरी तक पूरा करा लिया जाएगा।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>3</td><td colspan="3" rowspan="2">उक्त खण्ड में किसी भी स्टेशन पर रिलिविंग लॉज की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे परिचालन विभाग के कर्मचारियों को को काफी असुविधा होती है। अतः संघ ये मॉग करती है कि उक्त खण्ड के सभी स्टेशन पर रिलिविंग लॉज की सुविधा यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जाए। प्राथमिकता पर सोनपुर एवं दिघवारा में की जा सकती है। बरौनी टीआरडी डिपों में महिला महिला कर्मचारियों के लिए अलग चेजिंग रूम निर्माण की अति आवश्यकता है। टीआरडी डिपों बरौनी में एक कमरा खाली खाली है, उसे महिला कर्मचारियें के लिए चेंजिग रूम हेतु नामित किया जा सकता है।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>21/21</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C) & Sr.DOM</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>इंजी0 विभाग- रिलिविंग लॉज के निमार्ण के लिए राजस्व निधि के के अन्तर्गत कार्य स्वीकृत किया गया है, इसके अतिरिक्त कार्य को योजना शीर्ष 64 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित किया जाएगा।
परिचालन विभाग:- इस संबंध में अवगत कराना है कि परिचालन विभाग की तरफ से कुल चिन्हित 53 स्टेशनों पर Relieving Lodge Lodge हेतु फर्नीचर के क्रय हेतु मिसिल प्रस्तुत किया गया। जिसे लेखा विभाग द्वारा अभियुक्ति के साथ कि सभी चिन्हित स्टेशनों पर उक्त सुविधाऍ प्रदान किए जाने से संबंधित मुख्यालय/हाजीपुर की स्वीकृति पत्र मॉगा गया है। इस संबंध में पत्राचार के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।</td><td>प्रक्रियाधीन।</td><td>प्रक्रियाधीन।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>4</td><td colspan="3" rowspan="2">विद्युत लोको शेड/बरौनी में लैब कार्य के लिए अभी तक सीएमएस की नियुक्ति नही हो पाई है।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>08/22 (a)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEE (TRS) & DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>मविइं(टीआरएस)- विद्युत लोको शेड, बरौनी में लैब कार्य के लिए सीएमएस की नियुक्ति हेतु आरआरबी से बहाली प्रक्रिया करने के लिए पत्र सं0-ईएलएस/बीजेयू/103 दिनांक-03.06.2021 एवं 31.05.2023 को मरेप्र (का)/सोनपुर को दिया गया है तथा वर्तमान में श्री रितेश, एससएसई/ईएलएस/बरौनी को आरडीएसओ लखनऊ को दि0-10.10.2022 से 14.10.2022 तक यूएसटी प्रशिक्षण के लिए भेजा गया तथा सफल प्रशिक्षणोपरांत यूएसटी का का कार्य करवाया जा रहा है, काफी जरूरत होने पर डीजल शेड/समस्तीपुर से सीएमएस को बुलाकर यूएसटी का कार्य करवाया जाता है।

कार्मिक विभाग- विद्युत लोको शेड/बरौनी के रिक्त पद सी0एम0एस0 (पद-01) एवं सीएमए (पद-02) पर आर0आर0बी0 के माध्यम से नियुक्ति करने हेतु, इस कार्यालय पत्र सं0- का/256/ईएलएस/विविध/बरौनी/ दि0 03.07.2023 द्वारा महाप्रबंधक /कार्मिक/हाजीपुर को पत्र दिया गया है एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक/यांत्रिक कारखाना प्रर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को पत्र सं0 ECR-HQOPERS(MECH)11/2021 Comp. No. 220712 दि0 13.07.2023 के द्वारा CMS/L-07, 01 पद एवं CMA/L-07, 02 पद भरे जाने हेतु प्रेषित किया गया है। साथ ही अन्य मंडलो में कार्यरत मौजुदा कर्मचारियों का स्थानांतरण करते हुये रिक्ति को भरने जाने हेतु महाप्रबंधक/कार्मिक/ हाजीपुर को दि0 18.12.2023 द्वारा पत्र लिखा गया है।</td><td>विकल्प आमंत्रित किया जाए।</td><td>यथावत।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>5</td><td colspan="3" rowspan="2">NER & NFR में सोनपुर के गाड़ी मैनेजर को होने वाले परेशानी के सबंध मे।
सोनपुर मंडल के गाड़ी मैनेजर मुख्यतः एनईआर एवं एनएफआर के क्रमश- छपरा, बनारस, गोरखपुर एवं कटिहार प्वाईन्ट पर गाड़ी लेकर जाते है। उन दोनों रेलवे में लाईन बॉक्स बंद कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सोनपुर मंडल के गाड़ी मैनेजर को वहॉ लाईन बॉक्स लेकर गाड़ी कार्य करते हुए जाने में काफी असुविधा होती है। अतः संघ मॉग करती करती है कि उन दोनो रेलवे से बात कर समस्या का निदान किया जाय ताकि गाड़ी मैनेजर अपने संरक्षा उपकरणों के साथ गाड़ी परिचालन का कार्य सुचारू रूप से कर सके।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>16/22</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DOM</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल हाजीपुर महोदय के बरौनी स्टेशन के निरीक्षण दिनांकः 30.11.2023 के दौरान रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांकः 21.02.2022 के आलोक में निर्देशित किया गया है कि सभी गाड़ी प्रबंधकों को ट्रॉली बैग या 5000 रू प्रत्येक तीन वर्ष पर के अतंराल पर दिया जाए। इस संबंध में मंडल स्तर पर कार्यवाही की जा रही है।</td><td>15 नवंबर तक इसे फाइनलाइज किया जाए।</td><td>31 दिसम्बर तक आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>6</td><td colspan="3" rowspan="2">एक तरफ लगातार सफाई कर्मचारियों का पद समाप्त किया जा रहा है, परंतु सफाई की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है जिससे रेल कर्मचारियों के आवासों (कॉलोनियों) का सफाई सही से नहीं हो रहा है। अतः संघ मांग करती है कि कॉलोनी की साफ सफाई की उचित व्यवस्था किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>05/22</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">CMS</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>अमरेंप्र महोदय द्वारा समुचित निगरानी की जा रही है।</td><td>अमरेप्र-।। कृपया समुचित निगरानी हेतु कार्ययोजना बनाएं।</td><td>नमित एजेंसी की सूचना यूनियन को दी जाए।
मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>7</td><td colspan="3" rowspan="2">ईस्टर्न रेलवे कॉलोनी गढहरा में लगभग 50 ऐसे आवास है जिसमें पानी की टंकी नहीं है और जिन आवासों में पानी की टंकी है, वो जर्जर अवस्था में हैं।जिससे रेल कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । अतः संघ मांग करती है कि उक्त रेलवे कॉलोनी में नई पानी टंकी लगाई जाय ।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>04/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN(C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>IRPSM पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस कार्य को प्रस्तावित प्रस्तावित किया गया है। कार्य स्वीकृत होने पर यह कार्य कराया जाएगा।</td><td>24 घण्टे पानी आपूर्ति की कार्ययोजना तैयार की जाए।</td><td>प्रक्रियाधीन।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>8</td><td colspan="3" rowspan="2">अभियंत्रण विभाग में गेट पर कार्यरत कर्मचारियों को समय से बैट्री निर्गत नहीं किया जाता है जिससे प्रोसिड सिंगनल देने देने में फी परेशानियो का सामना करना पड़ता है।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>05/23 (a)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN(C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>बैट्री एक स्टॉक मद है। इस सामग्री का आपूर्ति समस्तीपुर भंडार डिपो के माध्यम से होता है। सभी इंजी0 इकाई आवश्यकतानुसार अपना - अपना डिमांड UDM Portal के माध्यम से प्रेषित कर सामग्री की आपूर्ति करते आ रहे हैं। साथ ही साथ अभी जो टॉर्च उपलब्ध करायी जा रही है। वो Chargeable है। इसलिए बैट्री की आवश्यकता नहीं है।</td><td>प्रक्रियाधीन।</td><td>समीक्षा करते हुए भत्ता देने की कार्रवाई करें।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>9</td><td colspan="3" rowspan="2">पेट्रौलमैन को सर्दी का जैकेट तथा ट्रैकमेन्टेनर को जूता नहीं दिया गया है एवं सोनपुर मंडल के एस0एस0ई0/जेई0/रेल पथ के यहॉ से कार्ड पास नवीनीकरण एव नया प्राप्त नहीं हो रहा है।
अतः संघ मॉग करती है कि अभियंत्रण विभाग के उक्त समस्याओं का निदान यथाशीध्र किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>05/23 (b)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN(C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>ट्रैकमेन्टेनर को जूता सभी यूनिट में वितरित कर दिया गया है। सर्दी का जैकेट के लिए क्रय आदेश दिनांक 11-12-2023 को जारी हो चुका है। सामग्री की आपूर्ति होते ही सभी यूनिट में वितरित कर दिया जायेगा।</td><td>सर्दी का जैकेट 15 नवंबर तक वितरित किया जाएगा। जाएगा। जूते का वितरण चेक किया जाए।</td><td>सर्दी का जैकेट 31 December 2023 तक वितरित किया जाएगा। मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>10</td><td colspan="3" rowspan="2">ऐसा देखा जा रहा है कि कई मंडलो में आर्टिजन कर्मचारियों (अभियंत्रण) को वर्दी भत्ता दिया जा रहा है परंतु अपने मंडल मंडल में भुगतान नहीं किया जा रहा है। अतः संघ मॉग करती है कि इसकी समीक्षा कर वर्दी भत्ता का एरियर सहित भुगतान किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>12/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>रेलवे बोर्ड का पत्र आर0बी0ई0 141/2017 दिनांक 03.10.2017 के आदेश में वसेई/पथ के ट्रैक मैन को वर्दी भत्ता देने के लिए आदेशित है। वमइं(समन्वय)/सोनपुर एवं वमपचाप्र/सोनपुर को इस कार्यालय के पत्र दि0 19.12.2023 के माध्यम से इस आशय की पुष्टि हेतु अनुरोध किया गया है कि इजीं0 विभाग में आर्टिजन कोटि के कर्मचारियों को इस प्रावधान को लागू होने से पूर्व वर्दी की आपूर्ति की जाती थी अथवा नही। साथ ही वमइं/समन्वय से यह भी अनुरोध किया गया है कि आर्टिजन श्रेणी के कर्मचारियो को डयुटी हेतु क्या वर्दी निधारित है कि सूचना इस कार्यालय को दी जाए।</td><td>नियमानुसार कार्रवाई की जाए।</td><td>प्रकियाधीन।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>11</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर मंडल के परिचालन गेट जिसका टीवीयू 50000 से अधिक है एवं कार्य का दबाव अधिक है। वहाॅ 8 घंटों का डयूटी रोस्टर लागू किया जाये।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>18/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr DOM
Sr.DEN(C)
DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>परिचालन विभाग- विदित हो कि परिचालन विभाग के अंतर्गत सभी सभी गेट जिनका टीवीयू 50000 से अधिक है, कार्मिक विभाग द्वारा जारी किए गए डियूटि रोस्टर के अनुसार उन पर 8 घंटे की डियूटि ली जा रही है, एवं जिन गेटों का टीवीयू का हाल ही में बढ़ोतरी हुई है, उन गेट हेतु रोस्टर जारी करने हेतु कार्मिक विभाग विभाग को लिखा गया है। जारी होने पर अविलंब नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

इंजी0 विभाग- सिर्फ 5 गेटों पर 12 घंटों का डयूटी रोस्टर लागू है। है। जो निम्नलिखित है-

1. LC No 16, BJU-HJP Sec.
2. LC No 2C, HJP-CI Sec.
3. LC No 21/C/E, MNE-KGG Sec.
4. LC No 49/B, BCA-SPJ Sec.
5. LC No 29C, HJP-MFP Sec.

इन सभी गेटो पर 8 घंटों का डयूटी रोस्टर लागू करने की प्रक्रिया की जायेगी।</td><td>शीघ्रतापूर्वक इसे कराया जाए।</td><td>समीक्षा की जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>12</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर मंडल के अधिकांश आवासों में बिजली की वायरिंग वर्षो पुराना एवं जर्जर स्थिति में है। जिसमें कभी भी दुर्घटना घट सकती है। अतः संघ मॉग करती है कि इसकी समीक्षा कर आवासों में विद्युत का नया अण्डर वायरिंग कराया जाए। खास कर वैसे आवासो का जिसमें अभी मरम्मत का कार्य चल रहा है।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>23/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">DEE/IC/G</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>क्वार्टर के वायरिंग हेतु एक कार्य PH-51 में प्रस्तावित किया गया है। कार्य स्वीकृति होने के पश्चात् रेल आवास में वायरिंग का करा लिया जाएगा। पिछले 05 साल से यह कार्य PH-51 में प्रस्तावित किया जा रहा है। परन्तु यह कार्य स्वीकृति नही हो पा रहा है। इस वजह से कुछ जर्जर स्थिति वाला रेल क्वार्टर को चिन्हित कर Revenue में कार्य कराने हेतु प्रस्ताव पर मंरेप्र/सोनपुर महोदय के स्वीकृति के उपरांत 320 युनिट टाइप-I, 97 युनिट टाइप-II, 40 युनिट टाइप III एवं 03 युनिट टाइप IV (460युनिट) का निविदा किया गया है, जो 29.12.2023 को निविदा खुलेगा। क्वार्टर का लिस्ट युनियन को दे दिया गया है।</td><td>सर्वे सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट की प्रति यूनियन को दिया जाए, ताकि यूनियन के द्वारा उसे अवलोकित किया जा सके।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>13</td><td colspan="3" rowspan="2">रनिंग कर्मचारियों को लम्बे समय से डायरी का वितरण एंव वाटर बोतल का वितरण नहीं हो रहा है। साथ ही, प्रत्येक तीन वर्ष पर बैग देने का भी प्रावधान है, जो नहीं दिया जा रहा है। उपरोक्त समाग्री का वितरण सुनिश्चित किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>25/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEE(TRO)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>वाटर बोतल का क्रय नॉन स्टॉक की प्रकिया प्रकियाधीन है। वर्तमान में मंडल वित्त/सोनपुर के पास सहमति हेतु गया है।</td><td>यथावत।</td><td>प्रकियाधीन।</td></tr>
</table>

क्रमांक	14	सोनपुर पैनल एवं उप-स्टेशन अधीक्षक कार्यालय को वातानुकूलित करने के सबंध में। सोनपुर पैनल दूसरी मंजिल पर है एवं कार्यालय की बनावट इस प्रकार है कि गर्मी के मौसम में अत्यधिक गर्मी पड़ती है, है, जिससे कार्य करने में असुविधा होती हैं। साथ ही, सोनपुर के उप-स्टेशन अधीक्षक कार्यालय प्लेटफार्म पर अवस्थित है है जिससे प्लेटफार्म का कोलाहल भी एकाग्रता को भंग करता है। अतः संघ यह मॉग करती है कि दोनों कार्यालय को अविलंम्ब वातानुकूलित किया जाय।		
मद सं0	42/23			
संबद्ध	Sr.DOM & DEE(IC)/G Sr.DEN/C	**अद्यतन अभियुक्ति**	**पिछली का बैठक का निर्णय**	**निर्णय**
		परिचालन विभाग- विधुत (सामान्य) विभाग द्वारा ए0सी लगाने एवं Proper कार्य करने हेतु सोनपुर पैनल पर Partition किया जाना इंजी0 विभाग द्वारा अपेक्षित है। Partition करने के पश्चात् ही AC लगाया जाना संभव होगा। **विधुत सामान्य-** सोनपुर पैनल एवं उप-स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में वातानुकूलित मंशीन (ए0सी0) लगाने हेतु वर्तमान ए0सी0 साईट पर रखवा दिया गया है इंजी0 विभाग (सीसेई/कार्य/सोन0 एवं वंमई/समन्वय/सोन0) को सिविल वर्क कराने के लिये दिनांक दिनांक 11.10.2023 को पत्र लिखा गया है तत्पश्चात् AC installation करा दिया जायेगा। सोनपुर पैनल हॉल में ए0सी0 लगाने के लिए Proper Partition एवं close area करने की आवश्यकता है। वर्तमान में वहॅा Open Area है, जिसके वजह से ए0सी0 सुचारू रूप से निरन्तर चलने में ए0सी0 का कम्प्रेशर खराब होने की संभावना बनी रहेगी। अतः सोनपुर पैनल हॉल का Partition करके close करने की आवश्यकता है।	31 दिसम्बर तक इसे पूर्ण कर लिया जाए।	मद बंद।

क्रमांक	15	बरौनी जं0 पर अवस्थित समाडि/ट्रेन पासिंग कार्यालय (एमजी) बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है, इसे अन्यत्र स्थानान्तरित किया जाय या मरम्मत किया जाय जिससे कर्मचारी सुरक्षित कार्य कर सके।		
मद सं0	46/23 (b)			
संबद्ध	Sr.DME Sr.DEN(C)	**अद्यतन अभियुक्ति**	**पिछली का बैठक का निर्णय**	**निर्णय**
		यात्रिक विभाग- निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। **इंजी. विभाग-** दिनांक 15.01.2024 तक कार्य को पूरा करा लिया जायेगा।	वमइं (स0) द्वारा वहां 15 /15 का कमरा बनवाया जाए।	वैकल्पिक व्यवस्था किया जाए।

क्रमांक	16	रनिंग रूम कार्यरत हेल्पर को रनिंग रूम से हटाने के सबध में । रनिंग रूम सोनपुर में कार्यरत हेल्पर का लियन मैकेनिकल विभाग में निर्धारित किया गया था। अतः संघ यह मांग करती है कि पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार इनका लियन मैकेनिकल विभाग में किया जाय।		
मद सं0	49/23			
संबद्ध	Sr.DEE (TRO) Sr.DME DPO(IC)	**अद्यतन अभियुक्ति**	**पिछली का बैठक का निर्णय**	**निर्णय**
		विधुत/ओ0पी0- 01. पूर्व में सभी क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम मेकेनिकल मेकेनिकल विभाग के अधीन थे। 02. हेल्पर के पद पर कार्यरत कर्मचारियों एवं नियंत्रण भी मेकेनिकल विभाग के पास था। 03. चूंकि क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम दि0 22.05.2020 से टीआरओ विभाग के अधीन किया गया है। अतएव हेल्पर के पद पर कार्यरत कर्मचारी एवं पद टीआरओ विभाग के अधीन रखा गया है, इसलिए इन्हें टीआरओ विभाग में ही रखा जाए। यांत्रिक समाडी विभाग- बार-बार पत्राचार के उपरान्त उक्त का अनुपालन कार्मिक विभाग के द्वारा Computer no 184625 Date 18.08.23 के तहत उपरोक्त कर्मचारियों के विरमित कराने हेतु विधुत/टीआरओ/सोन0 के पास प्रस्तुत की गई थी परन्तु उक्त (Computer no 184625) के अनुपालन में वर्तमान समय तक	अविलम्ब निपटारा किया जाए।	यथावत।

<table>
<tr><td></td><td></td><td>कर्मचारियों को उनके मूलविभाग में विरमित करने से संबंधित कोई प्रक्रिया अमल में नहीं लायी गइ है।
कामिक विभाग-कर्मचारी को मूल विभाग में वापस करने हेतु फाइल सं0 184625, Sr.DME के माध्यम से Sr.DEE (TRO) सोनपुर को प्रेषित प्रेषित किया गया है। अभी जिसमें कोई निर्णय प्राप्त नहीं हुआ है।</td><td></td><td></td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>17</td><td colspan="3" rowspan="2">एस0एस0ई0 /कैरेज /नारायणपुरअनंत में कर्मचारियों एवं समानों की कमी के संबध में।
उक्त जगह पर कर्मचारियें के रिक्तियों के बावजूद गाड़ी फिट करने के लिए मात्र चार घंण्टे का समय निर्धारित है। ऐसे स्थिति में गाड़ियों का परीक्षण सही से नहीं हो पाता है। साथ ही Break Block, Break Shoe key, Door eye bolt, Push rod safety knuckle pin, आदि की भारी कमी रहती है। ऐसे में जबरन फीट दिलवाना संरक्षा से खिलवाड है।
अतः संघ यह मॉग करती है कि उक्त कमी को दूर किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>51/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DME</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>NRPA Fright Depot Staff Position
<table>
<tr><th>Sanction</th><th>On Roll</th><th>Vacancy</th><th>In coming</th><th>Out going</th><th>Total</th></tr>
<tr><td>152</td><td>100</td><td>52</td><td>20</td><td>09</td><td>120-09 =111</td></tr>
</table>
नपुआ0/डिपो में वर्तमान समय में 11 कर्मचारियों द्वारा योगदान किया गया है। जिससे रेल अनुरक्षण कार्य को समय से करने में सुविधा हुई है। इसके अतिरिक्त Outsourcing के माध्यम से अनुरक्षण कार्य कराने की प्रक्रिया चल रही है। अनुरक्षण से संबंधित संबंधित उपरोक्त समाग्री प्रचुर मात्रा में नपुआ0/डिपो में उपलब्ध है।</td><td>वमयाइं इसकी समीक्षा करें।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>18</td><td colspan="3" rowspan="2">टावर वैगन चालक का वेतन निर्धारण के संबध में।
रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार टावर बैगन चालक को भी वेतन निर्धारण 7वें वेतन आयोग के अनुसार रनिंग कर्मचारियों के अनुसार ही किया जाना था। परंतु टावर बैगन चालक को फिटमेन्ट फैक्टर 2.57 से गुणा किया जबकि 3.01 से गुणा कर कर वेतन निर्धारण करना था। अतः संघ यह मांग करती है कि टावर बैगन चालक का सही फिटमेन्ट फैक्ट से वेतन निर्धारण कर एरियर का लाभ दिया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>52/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>रेलवे बोर्ड के पत्र सं0- PC/VII/2016/IC/2/ दिनांक 21.08.2017 (RBE NO 99/2017) के आलोक में सोनपुर मंडल के कार्यरत टावर वैगन चालक का सप्तम वेतन आयोग के तहत वेतन निर्धारण फिटमेंट फैक्टर 2.945 से किया गया है।</td><td>दानापुर से संदर्भ कर मार्गदर्शन लेते हुए कार्रवाई की जाए।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>19</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपर एवं नारायणपुर अनंत से कर्पूरीग्राम खण्ड में ट्रैकमेन्टेनर के लिए कोई गैंग हट नहीं है। अतः संघ मांग करती है है कि सोनपुर स्टेशन के साथ-साथ उक्त खण्ड पर यथाशीघ्र गैंग हट का निर्माण किया जाये।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>53/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN(C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>सोनपुर के ट्रैक डिपो के बगल में Type-I क्वार्टर सं0 241 खाली है। जिसे गैंग गैंग हट के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। ढोली एवं भगवानपुर में गैंगहट का निर्माण हो चुका है। नारायणपुर अनंत में कार्य कराया जा रहा है।</td><td>यूनियन के साथ सर्वे करा कर गैंगहट का स्थल चिन्हित कर लिया जाए तथा इसे अविलंब पूरा करा लिया जाए।। ।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>20</td><td colspan="3" rowspan="2">ट्रैकमेन्टेनर के कार्य अवधि के संबध में ।
ट्रैक अनुरक्षण प्रभावित न हो इस हेतु ट्रैकमेन्टेनर विपरित मौसम एवं परिस्थिति में भी कार्य करते हैं। बावजूद इसके इनलोगों से निर्धारित समय सीमा अधिक कार्य लिया जाता है। जिससे, समाजिक एवं परिवारिक दायित्व निर्वाह नहीं कर कर पाते है एवं मानसिक तनाव में रहते है । अतः संघ यह मांग करती है कि ट्रैकमेन्टेनर से 8 धंण्टे से अधिक कार्य न न लिया जाय एवं भोजन अवकाश भी 30 मिनट किया जाये।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>55/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN(C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>ट्रैकमेन्टेनर से 8 घंटा ही कार्य लिया जाता है, जो भोजन अवकाश अवकाश के अनुरूप एवं रोस्टर से ही निर्धारित है। जहाॅ तक भोजन अवकाश का समय कम करने का प्रश्न है। यह रोस्टर मे बदलाव उच्च स्तर का मामला है।</td><td>वमइं/समन्वय इसकी समीक्षा करें।</td><td>वमइं/समन्वय इसकी समीक्षा करें।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>21</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर मंडल में सभी विभागों में विशेषकर अभियंत्रण एवं टीआरडी विभाग में कर्मचारियों को गलत ढंग से आरोपित करने करने के संबध में। उदाहरण स्वरूप- 1. मो0 हमजा ट्रैकमैन गैंग सं0-09 को कार्य के दौरान गलती के लिए दण्ड दिया गया, जबकि वह कार्य क्षेत्र उसके अधीन नहीं है। दूसरे कर्मचारी को बचाने लिए मो0 हमजा को आरोपी बनाया गया इसकी जाॅच कर कार्यवाही किया जाय। 2.नितेश कुमार राय, टेक-।। एवं प्रदीप कुमार टेक0-।।। अधीन- एस0एस0ई0/टीआरडी/सोनपुर के मामले को देखा जा सकता है।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>57/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">संबद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN(C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछली का बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>इंजी0 विभाग- 1. मो0 हजमा ट्रैकमैन गैंग सं0-09 मे कार्यरत है। है। की मैन के पद पर गैंग सं0-09 गैंग बीट पूसा रोड-दूबहा के बीच है। कि0मी0 48/13-15 से 55/23-25 तक इन्ही के बीच मे मे जुगल फिश प्लेट का वोल्ट लूज पाया गया और 20 अदद ERC ERC गिरा हुआ पाया गया इसलिए SF-11 समई/द0/मुजफ्फरपुर द्वारा दिया गया है। कर्मचारी का आरोप वेबुनियाद है। इस मद बन्द किया जाए।
टी0आर0डी0 विभाग- कार्य के प्रति सजगता एवं संरक्षा के</td><td>अमरेप्र-।। महोदय समीक्षा करें।</td><td>अमरेप्र-।। महोदय समीक्षा करें।</td></tr>
</table>

		दृष्टिकोण से प्रशानिक स्तर पर संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।		

क्रमांक	22	मानसी-सेमापुर रेलवे कॉलोनियों में पुराने वृक्ष है जो सूख गये है। हल्की बारिश एवं हवा बहने पर टूट कर गिरने का डर रहता है। ऐसे वृक्षों के गिरने से जान-माल का खतरा भी है। अतः संघ मॉग करती है कि पुराने वृक्षो को चिन्हित कर कर उनको कटवाया जाये।		
मद सं0	59/23			
संबद्ध	Sr.DEN(C)	**अद्यतन अभियुक्ति**	**पिछली का बैठक का निर्णय**	**निर्णय**
